# प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 वर्ष पूर्ण, महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को सौंपा भवन अनुज्ञा व नक्शा, अब हितग्राहियों का खुद का घर का सपना होगा साकार

भिलाई नगर/ प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत जून 2015 में हुई थी और आज जून माह में 8 वर्ष बीत चुके हैं। भिलाई निगम क्षेत्र में 4003 मोर मकान मोर जमीन के तहत आवास का निर्माण हो चुका है और 596 आवास निर्माणाधीन है जो शीघ्र ही पूरे हो जाएंगे। 8 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर नीरज पाल ने आज हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा व नक्शा देकर उनके खुद का घर बनाने का राह आसान कर दिया है और अब हितग्राही नक्शा और भवन अनुज्ञा पाकर अपना स्वयं का घर का निर्माण कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि 427 डीपीआर की स्वीकृति शासन से हाल ही में हुई है और इसके तहत अब मोर मकान मोर जमीन के 427 हितग्राही अपने स्वयं के जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कर पाएंगे। हितग्राहियों को निगम ने वास्तुविद के माध्यम से भवन बनाने संबंधित दस्तावेज प्रदान कर दिया है। जिसके चलते अब हितग्राही अपना का खुद का घर अपने मुताबिक तैयार करेंगे। लोगों का सपना होता है कि उनका खुद का एक घर हो यह सपना अब हकीकत में होने जा रहा है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। आज जब भवन अनुज्ञा और नक्शा हितग्राहियों को प्राप्त हुआ तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा उन्होंने शासन और प्रशासन का इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने हितग्राहियों को उनके घर बनाने के लिए उन्हें अग्रिम बधाई दी। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू , कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, उप अभियंता दीपक देवांगन , सोशियल कोऑपरेटिव जीवन ताम्रकार , सीएलटीसी से अभिषेक बजाज , उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर तथा वास्तुविद एवं सर्वेयर आदि मौजूद थे।